ओआईएच

भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 130

दिनांक 29 जुलाई, 2025

बहराइच में केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना

***130. डॉ. आनन्द कुमार गोंड :**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार बहराइच लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र, जहां मुख्यत: कोई कृषि विश्वविद्यालय नहीं है, में केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय स्थापित करने का है ताकि इस आकांक्षी जिले के किसान और युवा उन्नत कृषि शिक्षा और अनुसंधान सुविधाओं से लाभान्वित हो सकें;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार भविष्य में इसे शामिल करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री
(श्री शिवराज सिंह चौहान)

(क) से (घ) : विवरण सभा के पटल पर प्रस्तुत है।

****

"बहराइच में केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना" के संबंध में दिनांक 29 जुलाई, 2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 130 के भाग (क) से (घ) से संबंधित विवरण

(क) से (घ) : वर्तमान में, बहराइच में केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, उत्तर प्रदेश राज्य में, 1 केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, कृषि संकाय युक्त 2 केन्द्रीय विश्वविद्यालय, 1 मानद विश्वविद्यालय (भाकृअनुप) तथा 5 राज्य कृषि एवं संबद्ध विज्ञान विश्वविद्यालय हैं, जो बहराइच सहित समस्त उत्तर प्रदेश के किसानों और युवा वर्ग का ध्यान रख रहे हैं, जो नामत: निम्नलिखित हैं :

I. रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी (4 संघटक महाविद्यालय)।
II. भाकृअनुप-भारतीय पशु-चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर (मानद विश्वविद्यालय)
III. बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी (01 कृषि संकाय युक्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
IV. अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ (01 कृषि संकाय युक्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
V. चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर (8 संघटक महाविद्यालय)
VI. आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या (8 संघटक महाविद्यालय)
VII. सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ (3 संघटक महाविद्यालय)
VIII. पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ-अनुसंधान संस्थान, मथुरा (2 संघटक महाविद्यालय)
IX. बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा (11 संघटक महाविद्यालय)

इसके अलावा, राज्य में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के निम्नलिखित संस्थान हैं:

I. भाकृअनुप-केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर
II. भाकृअनुप-केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम
III. भाकृअनुप-केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ
IV. भाकृअनुप-केन्द्रीय कृषि वानिकी अनुसंधान संस्थान, झांसी
V. भाकृअनुप-भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर
VI. भाकृअनुप-भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ
VII. भाकृअनुप-भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी
VIII. भाकृअनुप-केन्द्रीय गोपशु अनुसंधान संस्थान, मेरठ
IX. भाकृअनुप-भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झांसी
X. भाकृअनुप-भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम
XI. भाकृअनुप-भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ
XII. भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्मजीव ब्यूरो, मऊ
XIII. भाकृअनुप-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ

इसके अलावा, उत्तर प्रदेश राज्य में 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं (02 बहराइच में)।

*****